हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 6 दिसंबर 2025

04 नपा को अनुदान से धोना पड़ा हाथ



08 सुपर बाजारों में विक्रय के लिए जैविक उत्पाद उपलब्ध...





## खबर संक्षेप

### अधिकारी-कर्मचारियों ने किया भ्रमण

**माखन नगर।** जनपद पंचायत माखन नगर जिला नर्मदापुरम के अधिकारी सरपंच सचिव सहायक सचिव ने प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायत का विजिट किया। अधिकारी कर्मचारी के दल ने संजय गांधी एवं युवा नेतृत्व एवं पंचायत ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्था पचमढ़ी ट्रेनिंग के दौरान दो दिवसीय पंचायत विजिट एवं ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा की जनपद पंचायत माखननगर के अधिकारी सरपंच सचिव सहायक सचिव की प्रशिक्षण 4 दिसंबर से शुरू हुआ जिसमें सबसे पहले भीमबेटका अब्दुल्लागंज प्राचीन गुफा स्थल का विजिट किया गया।

### 86 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से नर्मदापुरम एवं इटारसी के 09 हितग्राहियों को कैंसर उपचार, आर्थिक सहायता, चिकित्सा सहायता एवं शिक्षा के लिए 86 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। उपरोक्त सहायता से हितग्राही अब अपने चयनित चिकित्सालय में ईलाज करा सकेंगे।

### पचमढ़ी में मौसम हुआ खुशनुमा, पर्यटक ले रहे प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद

# प्राकृतिक सौंदर्यः पचमढ़ी में मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर अलौकिक चंद्रमा का दीदार

इन दिनो पचमढ़ी का मौसम आकर्षक बना हुआ है। लोग प्राकृतिक आनंद लेने पचमढ़ी पहुंच रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पहाड़ों की रानी पचमढ़ी इन दिनों शीतकालीन सौंदर्य की एक अद्भुत छटा पेश कर रही है। हाल ही में बीती मार्गशीर्ष पूर्णिमा (या अगहन पूर्णिमा) के अवसर पर, यहाँ का चंद्रमा का नज़ारा पर्यटकों के लिए एक अविस्मरणीय उपहार बन गया। ठंडक और शांति से भरे इस वातावरण में, चंद्रमा सामान्य से अधिक पास और स्पष्ट दिखाई दे रहा है, जिसे देखकर सभी मंत्रमुग्ध हैं। इन दिनों पचमढ़ी में सैलानियों की आवक बढ़ गई है। ठंड का मजा लेने पर्यटक पचमढ़ी पहुंच रहे हैं।



### पर्यटक ले रहे 'चंद्र-दर्शन' का आनंद

हवाओं में तीखी ठंडक होने के बावजूद, पर्यटक इस मनमोहक वातावरण का पूरा लुत्फ़ उठा रहे हैं। कई लोग अपनी गाड़ियों से उतरकर इस अद्भुत खगोलीय नज़ारे को कैमरे में कैद करते नज़र आए। ऐसा लग रहा है जैसे चाँद को छू सकते हैं,₹ एक उत्साहित पर्यटक ने कहा। पचमढ़ी की ठंडक और इस पूर्णिमा के चाँद का कॉम्बिनेशन जादुई है। यह नज़ारा हमें शहर के शोर-शराबे से दूर, प्रकृति के करीब ले आया है। सर्दियों के इस मौसम में, जब मैदानी इलाकों में कोहरा होता है, पचमढ़ी के ऊंचे स्थान पर स्वच्छ आसमान का मिलना एक वरदान है। यह नज़ारा न केवल आँखों को सुकून दे रहा है, बल्कि यहाँ आने वाले हर यात्री के मन को शांति और आनंद से भर रहा है।प्रकृति प्रेमियों के लिए यह समय पचमढ़ी आने का सर्वोत्तम अवसर है। यहाँ की शीतल हवाएँ, पहाड़ों की हरियाली और ऊपर चमकता हुआ मार्गशीर्ष का चंद्रमा मिलकर एक ऐसा अनुभव दे रहे हैं जो लंबे समय तक याद रहेगा।

### बर्फीली हवाओं के बीच 'नील गगन' का अद्भुत कैनवस



जैसा कि तस्वीरों में दिख रहा है, पचमढ़ी का आसमान बिल्कुल साफ़ और नीला है, जिस पर सफ़ेद चंद्रमा अपनी पूरी भव्यता के साथ चमक रहा है। स्थानीय और पर्यटक दोनों ही गवाह हैं कि इस साल पूर्णिमा का चाँद अभूतपूर्व रूप से नज़दीक दिखाई दे रहा है। माना जाता है कि पूर्णिमा पर चंद्रमा पृथ्वी के अधिक करीब होता है, लेकिन पचमढ़ी की साफ़ हवाएँ और प्रदूषण-मुक्त वातावरण इस दृश्य को और भी अधिक तीव्र और स्पष्ट बना रहे हैं। सड़क किनारे, स्ट्रीट लाइट्स की हल्की रोशनी के बीच भी, चाँद की तेज चमक एक जादुई माहौल बना रही है।

# पर्यटकों को आकर्षित कर रहे बाघिन और उसके शावक

### गुनगुनी धूप लेने निकल रहे वन्यजीव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में ठंड के दिनों में पर्यटकों की खासी आमद हो रही है। क्योंकि पर्यटकों को लगातार बाघों की साईटिंग हो रही है। इन दिनों बाघिन झालई व उसके तीन शावक कोर क्षेत्र में पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बने हुए हैं। ठंड के मौसम में लगभग प्रतिदिन ही पर्यटकों ने कोर क्षेत्र में झालई तथा उसके शावकों का दीदार किया है।

# नाचते बारातियों को समझाया नहीं माने तो कर दी पिटाई

### थाने में मामला दर्ज किया

**सोहागपुर।** कटियाखापा निवासी अजय कुमार अहिरवार ने उसके साथ मुकेश अहिरवार निवासी तमचरु थाना माखननगर एवं विनोद अहिरवार निवासी ग्राम बाड़ी जिला रायसेन द्वारा मारपीट किए जाने की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई है। फरियादी की रिपोर्ट अनुसार गत दिनों उसके चाचा मधु अहिरवार की लड़की की शादी थी। जिसकी बारात पनवासे बाबई से आई थी। बाराती डीजे बजाकर नाच रहे थे। शाम करीबन सात बजे बाराती फरियादी के मंझले पिता गोपी अहिरवार के घर के सामने पहुंचे। तभी बारात में शामिल मुकेश अहिरवार व विनोद अहिरवार नृत्य दौरान फरियादी से टकरा गए। तब फरियादी ने कहा कि देखकर नाचो। इसी बात को लेकर मुकेश व विनोद ने गंदी-गंदी गालियां देकर फरियादी अजय अहिरवार से मारपीट की। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के ख़िलाफ़ मारपीट व अन्य धाराओं का प्रकरण दर्ज कर इसे विवेचना में लिया है।

# विश्व एड्स दिवस पर थाना कोतवाली और गृह विज्ञान महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में 8 दिसंबर तक चलने वाले जागरूकता सप्ताह के तहत शुक्रवार को थाना कोतवाली नर्मदापुरम और गृह विज्ञान महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुए। थाना कोतवाली में महिला सुरक्षा बल और पुरुष अधिकारियों की उपस्थिति में प्रियांशी एजुकेशनल, कल्चरल एंड सोशल सोसायटी की परियोजना प्रबंधक मीनाक्षी बाथरी ने एचआईवी, एड्स और एसटीआई के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने रेड रिबन लगाकर सभी को इस रोग के खिलाफ एकजुट होने का संदेश दिया।

इस दौरान एचआईवी के चार मुख्य कारणों और उनके रोकथाम के उपायों को स्पष्ट किया गया तथा 1097 टोल-फ्री नंबर की जानकारी दी गई, जिससे किसी भी संदेह या मदद की आवश्यकता पर तुरंत संपर्क किया जा सके। गृह विज्ञान महाविद्यालय में बच्चों ने रंग-बिरंगी पेंटिंग और पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी कल्पना शक्ति का प्रदर्शन किया।

### नाली में गिरने से बालक की मौत

नर्मदापुरम। के चंद्रपुरा गांव में गुरुवार शाम घर में खेल रहे 7 महीने के बच्चे की नाली में गिरने से मौत हो गई। परिवार जब उसे तलाशते हुए बाहर पहुंचा तो बच्चा नाली में मिला। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद घर में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार मृतक बच्चे का नाम देव यादव था, जो तीन बहनों का इकलौता भाई था। परिजनों ने बताया कि वह घुटनों के बल चलना सीख चुका था और अक्सर घर में इधर-उधर घूमता रहता था। गुरुवार शाम घर में मां और बड़ी मां मौजूद थीं, तभी बच्चा अचानक नजर नहीं आया।
स्कूल से लौटी उसकी बहनों ने जब घर में भाई को नहीं देखा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। कुछ देर बाद बच्चा घर के बाहर नाली में मिला।

### नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह आज

**नर्मदापुरम।** होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह वर्ष 2025 का आयोजन शनिवार को प्रातः 09:45 बजे से कार्यालय होमगार्ड लाईन नर्मदापुरम में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद माया नारोलिया उपस्थित रहेंगी। जारी कार्यक्रम अनुसार प्रातः 09:59बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रातः 10:00बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड सलामी, 10:05बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, 10:10 बजे परेड कमांडर द्वारा प्लाटून मार्च पास्ट, 10:20 बजे डायरेक्टर जनरल का संदेश वाचन, 10:30 बजे मुख्य अतिथि का उद्बोधन, 10:35 बजे मेधावी छात्रछात्राओं को पुरस्कार वितरण, 10:45 बजे से पुरस्कार वितरण, 10:55 बजे आभार प्रदर्शन, 11 बजे आपदा उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया जाएगा।

### सांसद ने आयुष्मान की शेष राशि की जानकारी समय पर न मिलने का मुद्दा उठाया

**नर्मदापुरम।** लोकसभा सदन में बुधवार को चर्चा हुई, जहाँ सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत उपचार के बाद लाभार्थियों को मिलने वाली शेष राशि की जानकारी समय पर न पहुँच पाने और कुछ अस्पतालों द्वारा अनियमित वसूली की शिकायतें उठाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रही इस जनकल्याणकारी योजना की पारदर्शिता और निगरानी को और मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि हर पात्र परिवार को बिना किसी बाधा के पूर्ण उपचार लाभ मिल सके।

# कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने पर काटे चालान, दुकानदारों को दी गई समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम


कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत के निर्देशन में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत शुक्रवार को इटारसी नगर में व्यापक जागरूकता एवं तम्बाकू निषेध कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोटपा एक्ट की जिला एंफोर्स कमेटी ने एमजीएम कॉलेज चौराहा, रेलवे स्टेशन, सिविल अस्पताल और बस स्टैंड क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू उपयोग पर प्रतिबंध की जानकारी दी और नाबालिगों को तंबाकू बेचने वाले विक्रेताओं को चेतावनी दी।

कमेटी में जिला नोडल अधिकारी डॉ. रजनी कुशवाहा, दंत चिकित्सक डॉ. मिलन सोनी, जिला स्वास्थ्य मीडिया प्रभारी सुनील साहू, थाना उपनिरीक्षक अरविंद बेले, युवा खेल कल्याण विभाग से प्रीतम पूर्वीया, जिला पंचायत से गुलशन खान और आरक्षक नरेंद्र राजपूत शामिल थे। उन्होंने कोटपा एक्ट की धारा4,5,6 और7 के तहत जनसमुदाय और दुकानदारों को समझाइश दी तथा उल्लंघनकर्ताओं के चालान काटे। कमेटी ने धूम्रपान तम्बाकू उत्पादों का उपयोग कर रहे युवाओ को बताया कि जिला अस्पताल में संचालित तंबाकू निषेध केन्द्र और मन कक्ष के माध्यम से तंबाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों को निःशुल्क काउंसलिंग, मनोसमाजिक सहयोग और निकोटिन रिप्लेसमेंट थैरेपी (NRT) प्रदान की जा रही है। अधीक्षक डॉ. आरकेचौधरी ने बताया कि हाल ही में पीएनसी वार्ड में भर्ती एक महिला के परिजन द्वारा तंबाकू गुटखा खाए जाने पर चालान काट कर स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। दंत चिकित्सक ने कहा कि NRT तंबाकू की तलब को कम करने और व्यावहारिक लक्षणों को नियंत्रित करने में प्रभावी है, जिससे कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की बीमारियों के जोखिम में कमी आती है।

### विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

# मछली पालन रोजगार का सुनहरा अवसर अपना सकते हैं युवा : डॉ शशि भूषण सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखन नगर -स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के तहत, एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर के विद्यार्थियों के द्वारा एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण केंद्रीय मत्स्यकी शिक्षण संस्थान पवारखेड़ा जिला नर्मदापुरम में ले जाया गया। जहां संस्थान के सीनियर साइंटिस्ट डॉक्टर शशि भूषण ने बताया कि संपूर्ण भारत के मत्स्यकी शिक्षण संस्थानों में सबसे बड़ा संस्थान पवार खेड़ा, जिला नर्मदा पुरम मध्य प्रदेश का है जहां पी जी पाठ्यक्रम के साथ-साथ पीएचडी पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं। साथ ही इन्होंने मछलियो की विभिन्न प्रजातियां व उनकी प्रजनन क्षमता व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से बताया, साथ ही संस्थान के अन्य साइंटिस्ट जावेद सर ने बारीकी से मछलियों के पालन एवं सरकार से मिलने वाली सब्सिडी व अन्य मदद के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। स्वामी विवेकानंद करियर प्रभारी डा क्षमा मेहरा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष में एक बार विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रमाण पर ले जाने का मुख्य उद्देश्य इनको विभिन्न संस्थानो की जानकारी व भविष्य में रोजगार के अवसर व सरकार से मिलने वाला सहयोग व अन्य जानकारी प्रदान कराना है। सहायिका के रूप में डॉक्टर शिवानी मालवीय ने बताया कि महाविद्यालय से विभिन्न पाठ्यक्रमों से लगभग 43 विद्यार्थियों को लाया गया है।

### कबड्डी खिलाड़ियों का दल हरदा रवाना

**सिवनी मालवा।** नर्मदा अंचल कबड्डी अकैडमी सिवनी मालवा के खिलाड़ी इटारसी में आयोजित सीनियर कबड्डी ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयनित हुए। ट्रायल में अकैडमी के कई खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन क्षमता का प्रदर्शन किया, जिनमें सचिन मर्सकोले, लवकुश उईके, आशीष माहेडिया, आयुष धुर्वे, रेहान खान, रामकृष्ण भुसारे, सूर्या भुसारे, शशिकांत और यश लोवंशी का चयन सीनियर टीम के लिए किया गया। चयन के बाद खिलाड़ियों का दल हरदा में आयोजित होने वाले जोन स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए आज सिवनी मालवा से रवाना हुआ। दल को रवाना करते समय पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कोच पलक राठौर, बीआरसीसी संगीता यादव और अधिवक्ता राम यादव मौजूद रहे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२ , 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### दुर्गा येवले का भाजपा ने किया सम्मान

**बैतूल।** टी-20 दृष्टिबाधित विश्वकप क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत को विश्व विजेता बनाने वाली क्रिकेट टीम की विकेट कीपर बल्लेबाज दुर्गा येवले (यादव) के अपने गृह जिले में प्रथम आगमन पर भाजपा परिवार ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर जिले का मान बढाने वाली बिटिया का आत्मीय अभिनंदन कर पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उत्साहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने विश्व पटल पर जिले का नाम स्वर्णिम अक्षरो में अंकित करने वाली दुर्गा येवले (यादव) का पुष्प वर्षा करते हुए जमकर आतिशबाजी कर मिठाई वितरित कर स्वागत किया। इस गौरवपूर्ण मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि भैसदेही विकासखंड के ग्राम राक्सी में निवासरत झब्बु येवले (यादव) एवं गौरा येवले (यादव) की बिटियां ने पूरे जिले का मस्तक विश्व पटल पर उचा किया है। बचपन से दृष्टि बाधित होने के बावजूद बिटियां ने अपने सपनों को साकार करने के लिए जो परिश्रम किया है। वह सम्मान का अधिकार है। खेल के मैदान में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की निरंतरता ही विश्व विजेता बनाती है। हमारे जिले की बिटियां विश्व कप विजेता टीम की सदस्य है यह हर खेल प्रेमी के लिए गौरव का विषय है। दुर्गा येवले (यादव) ने अंतराष्ट्रीय क्षितिज पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रेरणा का कार्य किया है। आज जब संसाधनो की कमी का बहाना बनाकर लोग अपने सपने त्याग देते है ऐसे समय में अपने परिश्रम पर विश्वास जताते हुए दुर्गा यादव के प्रयास समाज के लिए युवाओं के लिए प्रेरणा का कार्य करेगें ऐसी शुभकानाओं के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है। अभिनंदन के दौरान जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, जिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू, कुणाल शर्मा, बिरजू पारखे सहित बडी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस 6 दिसंबर को

**बैतूल।** डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड बैतूल द्वारा मध्य प्रदेश होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस 6 दिसंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर होमगार्ड लाइन सोनाघाटी में सुबह 10 बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके शामिल होंगे। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट इंदल उपनारे ने बताया कि प्रातः 10 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। इसके बाद 10.01 बजे परेड कमांडर द्वारा सलामी के पश्चात 10.30 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद परेड द्वारा मार्च पास्ट, मध्य सज की कार्यवाही, परेड का समीक्षा क्रम एवं सलामी, मुख्य अतिथि द्वारा संदेश वाचन व उद्बोधन दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रमाण पत्र का वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा।

### समस्याओं को लेकर जेएच कॉलेज में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**बैतूल।** जिले के सबसे बड़े जेएच कॉलेज में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं और छात्रों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने कॉलेज परिसर का मुख्य द्वार बंद कर दिया और धरना देते हुए नारेबाजी की। हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझाया। इसी बीच, प्राचार्य भी कॉलेज पहुंचीं। इस दौरान छात्रों और प्राचार्य के बीच कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर बहस हुई। इसके बाद छात्र नेताओं ने अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कॉलेज में हो रही गड़बडियों की की जांच की मांग की गई है। छात्रों ने ज्ञापन में बताया कि अनुसूचित जाति-जनजाति (एससी-एसटी) के छात्रों के लिए पुस्तकें नहीं खरीदी जा रही हैं। कॉलेज परिसर, दफ्तर और विभिन्न विभागों में मादक पदार्थ पाए जा रहे हैं। कई बार ज्ञापन देने के बावजूद इन समस्याओं पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके अतिरिक्त, छात्रावास में बाहरी छात्राओं को दो साल से रखा गया है, जबकि इस वर्ष की छात्राओं का प्रवेश अब तक नहीं हुआ है।

## 2023-24 में राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप नहीं होने से लैप्स हो गई राशि

# नपा को अनुदान से धोना पड़ा हाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगरपालिका की लडख़ड़ाती राजस्व वसूली का सीधा असर अब शासन से मिलने वाली वित्तीय सहायता तक पहुंच गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की राजस्व वसूली निर्धारित लक्ष्य से 22 प्रतिशत कम होने के कारण नगरपालिका को शासन से मिलने वाली 15वें वित्त आयोग की 12 करोड़ रुपए की अनुदान राशि से हाथ धोना पड़ा है। यह राशि सीधे उन निकायों को आवंटित कर दी गई, जिनकी वसूली लक्ष्य के अनुरूप रही। अब नगर पालिका दिसंबर माह में शिविरों के माध्यम से वसूली बढ़ाने की तैयारी कर रही है। दरअसल वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में नपा को 11.63 करोड़ रुपए के राजस्व की डिमांड पूरी करनी है, लेकिन अब तक सिर्फ 2.73 करोड़ रुपए ही वसूले जा सके हैं। यानी वसूली 25 प्रतिशत पर ही अटकी है। स्थिति यह है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जिले में चल रहा सर्वे कार्य में नगर पालिका के सहायक निरीक्षकों को भी लगाया गया है, ऐसे में नवंबर माह में वसूली की रफ्तार काफी धीमी रही। जिसका असर नगरपालिका की वित्तीय स्थिति पर पडऩे की बात कहीं जा रही है, जो नपा की गंभीर नकदी कमी को दर्शाता है।

### खराब प्रदर्शन का सीधा प्रभाव

शासन हर वर्ष राजस्व वसूली लक्ष्य में लगभग 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी करता है, लेकिन वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगरपालिका लक्ष्य से 22 प्रतिशत कम वसूली कर पाई। निर्धारित लक्ष्य से बड़े अंतर के कारण शासन ने अनुदान राशि को स्वीकृत नहीं किया और उसे अन्य निकायों की ओर मोड़ दिया। यह राशि अगर मिल जाती, तो बैतूल में सडक़, जलप्रणाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों को गति मिल सकती थी। ग्रांट लैप्स होने के बाद नगरपालिका सीएमओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस स्थिति की बड़ी वजह राजस्व अमले की लापरवाही है। उन्होंने बताया कि राजस्व अमले द्वारा वसूली समय पर और लक्ष्य के अनुरूप नहीं की गई। वर्तमान में भी वसूली को लेकर यही स्थिति बनी हुई है। अब पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी।

### विकास कार्यो पर रोक जैसे हालात

नगरपालिका की आर्थिक तंगी का असर, जो निर्माण कार्य चल रहे और प्रस्तावित है, उन विकास कार्यों पर साफ दिख रहा है। बताया जा रहा है कि कई प्रोजेक्टों के वर्कऑर्डर जारी होने के बावजूद भुगतान के लिए धन उपलब्ध नहीं है। कुछ ठेकेदारों ने काम शुरू नहीं किया, जबकि कुछ ने शुरू किए गए कार्य मध्य में रोक दिए। भविष्य की स्वीकृत योजनाएं भी अभी कागजों पर ही अटक गई हैं। यह स्थिति बताती है कि नगरपालिका की वित्तीय व्यवस्थाओं में सुधार की तत्काल जरूरत है। इधर राजस्व वसूली को लेकर नगरपालिका सीएमओ ने राजस्व निरीक्षकों और सहायक राजस्व निरीक्षकों को सख्त निर्देश देकर प्रतिदिन कम से कम 25 हजार रूपये वसूली का लक्ष्य दिया था, लेकिन विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सर्वे के कारण वसूली की रफ्तार धीमी पड़ गई।

### लोक अदालत और शिविर लगाकर वसूली की तैयारी

नगरपालिका अब राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए लोक अदालत के माध्यम से वसूली के साथ-साथ वार्ड-वार्ड शिविर लगाने की योजना बनाई है। बताया जा रहा है कि दिसंबर माह से नगरपालिका शिविर लगाकर संपत्तिकर और जलकर की वसूली करेगी। शहर के सभी वार्डों में शिविर लगेंगे। जिससे कि वसूली अभियान को तेज गति मिल सके। बताया जा रहा है कि नगरपाालिका ने किस दिन, किस वार्ड में शिविर लगाना है, इसकी भी कार्ययोजना बना ली है। जैसे ही राजस्व निरीक्षक और सहायक राजस्व निरीक्षक विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सर्वे से फ्री होते है, नगरपालिका वसूली अभियान को तेज कर देगी, ताकि नगरपालिका की वित्तीय स्थिति में सुधार आ सके। इसके अलावा जिन कर्मचारियों ने वसूली में लापरवाही की है, उनके विरुद्ध कार्रवाई भी कर सकती है।

### मैं पदस्थ नहीं था

मैं उस समय यहां पदस्थ नहीं था, हो भी सकता है कि राशि लैप्स हो गई हो। जो निकाय वसूली बढ़ाकर नहीं करती है तो राशि लैप्स हो जाती है। मैंने मेरे कार्यकाल में करों में वृद्धि की है। पहले नल का 125 लगता था, जिसे बढ़ाकर 150 और कचरे का 100 प्रतिमाह कर दिया है। पुराने समय में करों में वृद्धि नहीं होने के कारण राशि लैप्स हुई होगी। मैं इसे दिखवाता हूं।

- सतीश मटसेनिया,
सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

## किसानों ने दिया ज्ञापन

# मक्के की खरीदी का दाम प्रति क्विंटल 24 सौ करने की मांग




**आमला।** किसान संघ आमला द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीम शैलेंद्र बडोनिया को दिया है। ज्ञापन देने से पूर्व किसान संघ द्वारा जनपद चौक पर एक आम सभा की गई और यहां से एसडीएम कार्यालय तक एक रैली भी निकाली गई। इस ज्ञापन में किसानों ने प्रदेश सरकार से मक्का खरीदी के दाम 24 सौ रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि बीते समय में खराब हुई सोयाबीन की फसल का उचित मुआवजा भी किसानों को दिया जाए। किसानों ने ज्ञापन में सरकार से कृषि पंपों पर लगातार 10 घंटे बिजली देने की मांग की है। यहां किसानों का आरोप है कि मेंटेनेंस का हवाला देकर बिजली कंपनी कभी भी कटौती करती रहती है, जिससे किसान लोग परेशान होते हैं, इसके अलावा ज्ञापन मे खाद की कालाबाजारी पर भी रोक लगाने की भी मांग की गई है।

# वन विभाग ने जब्त की अवैध सागौन की चरपटें



**बैतूल।** दक्षिण वन मंडल के ताप्ती रेंज अंतर्गत बोरगांव में वन विभाग ने कार्रवाही करते हुए सागौन की चरपटे जब्त की। यह कार्रवाही वन मंडल अधिकारी दक्षिण बैतूल एलके वासनिक के निर्देशन में की गई। विभाग को सूचना मिली थी कि बोरगांव में अवैध सागौन से फर्नीचर बनाने का कार्य किया जा रहा है। सूचना मिलते ही रेंज ऑफिसर दयानन्द डेहरिय के मार्गदर्शन में बोरगांव जीन में अवैध रूप से घरों में फर्नीचर निर्माण का कार्य करने वाले अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सागौन लकड़ी जप्त की गई। इस दौरान वन विभाग ने राजू बाबूलाल मालवी के घर से अवैध सागौन चिरान 16 नग, 0.216 घन मीटर जप्त की गई, जिसका बाजार मूल्य 15000 लगभग बताया जा रहा है। वन विभाग ने पीओआर प्रकरण भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)क, मध्य प्रदेश वन उपज व्यापार विनिमय अधिनियम 1969 की धारा 5(1) की धाराओं में मामला दर्ज किया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित विधायकों ने वर्ल्ड कप विजेता दुर्गा को किया सम्मानित

## बैतूल व भैसदेही विधायक भेंट करेंगे 51 हजार की प्रोत्साहन राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पहले टी-20 ब्लाइंड महिला वल्र्ड कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम इंडिया को विश्व विजेता बनने में मुख्य भूमिका अदा करने वाली बैतूल जिले के भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र के रॉक्सी ग्राम की बिटिया ब्लाइंड क्रिकेटर दुर्गा येवले को शुक्रवार को भोपाल स्थित निवास पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल सहित जिले के विधायकों ने सम्मानित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित जिले के विधायकों ने बैतूल, मध्यप्रदेश सहित देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली बिटिया दुर्गा को पुष्प गुच्छ, शॉल, श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान द्वारा प्रतिभावान बिटिया दुर्गा येवले को प्रोत्साहन स्वरूप 51- 51 हजार रुपए की राशि भेंट की जाएगी। इस दौरान भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगाबाई उईके क मौजूद रहे । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने वल्र्ड कप विजेता दुर्गा येवले को अपने भोपाल स्थित निवास पर सम्मानित करते हुए कहा कि बैतूल की बेटी दुर्गा ने दिव्यांगता के बावजूद अपनी मेहनत और दृढ़ इच्छा शक्ति से ऐतिहासिक सफलता हासिल करने के साथ ही बैतूल से लेकर मध्यप्रदेश और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। आज दुर्गा येवले समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओ की कमी नहीं है, जरूरत है प्रतिभाओं को आगे लाकर उन्हें सही प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मध्यप्रदेश सरकार खिलाडिय़ों, दिव्यांगजनों सहित समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए सतत काम कर रही है उन्होंने वर्ल्ड कप विजेता दुर्गा येवले को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## केंद्रीय विद्यालय में भारतीय भाषा संगम पखवाड़ा पर हुए विशेष आयोजन



**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में भारतीय भाषा संगम पखवाड़ा के अंतर्गत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में कविताओं तथा भाषाई संगीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का विषय कविता और भाषा के माध्यम से संगीत था। कार्यक्रम के दूसरे चरण में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक में उन लोगों को सामाजिक चुनौती दी गई जो दिव्यांगता को एक कमी या सामाजिक बुराई के रूप में देखते हैं। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि दिव्यांगजन किसी बोझ नहीं, बल्कि हमारी समाज की समान रूप से सक्षम और सम्मान के अधिकारी इकाई हैं। पूरे नाटक का निर्देशन भारतीय सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ छगन गुर्जर ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समावेशी शिक्षा और सामाजिक बराबरी का अधिकार प्रत्येक दिव्यांगजन का मूलभूत अधिकार है। विद्यालय इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है कि हर बच्चे को समान अवसर मिले और वह आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

# शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला



हर साल की तरह इस साल भी गन्ने के मौसम में शहर के मुख्य मार्ग और रिहायशी इलाकों से गुजरती गन्ने की ओवरलोड ट्रालियां लगातार दुर्घटनाओं का सबब बनती जा रही है। इलाके में कई बार तो इन गन्नों की ओवरलोड ट्रालियां, लोगों की जान तक ले चुकी है, किंतु सुरक्षा से खिलवाड़ और यातायात व्यवस्था को बिगाड़ती गन्नों की ये ओवरलोड ट्रालियों पर हमेशा ही स्थानीय प्रशासन मूक दर्शक बना रहता है। अब एक बार फिर इलाके में गन्ने की ट्रालियां गुजरने का सिलसिला शुरू हो गया है। शिकायतें हुई तो प्रशासन ने जनपद के सभाकक्ष में कुछ व्यापारी और कुछ किसानों को बुलाकर समझाइश भी दी है। इस मौके पर एसडीम शैलेंद्र बड़ोनिया, नगरपालिका अधिकारी नितिन बिंझवे, थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर , बिजली कंपनी के कनिष्ठ यंत्री विलास उईके, नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे, उपाध्यक्ष किशोर माथनकर के अलावा व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय साहू, हेमंत गुगनानी, गुणवंत सिंह चड्ढा, किसान संघ के संतोष यादव, दिनेश रघुवंशी, रविकांत उघड़े आदि शामिल थे। किसानों और व्यापारियों के बीच हुई बैठक का नेतृत्व एसडीएम शैलेंद्र बडोनिया द्वारा किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से व्यापारियों ने दुकानों के बाहर तक पसरी दुकानों और सामान को नियंत्रण में रखने तथा बाजार के दिन बड़े वाहनों को दुकानों के सामने खड़े नहीं करने पर अपनी सहमति दी है। इधर इलाके में दो साप्ताहिक बाजार लगते हैं ऐसे में इस दिन रात 9 बजे से सुबह 9 के बीच ही गन्ने की ट्रालियां निकालने पर किसानों ने अपनी सहमति दी है। यानी व्यापारी और किसानों ने शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए अपनी-अपनी सहमति दे दी है, इससे जंहा लोगों को सुविधा और सुरक्षा मिलेगी, वंही यातायात व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। हालांकि नियम न मानने वालों के खिलाफ कार्यवाही की बात भी प्रशासन द्वारा की गई है।

### व्यवस्था सुधारे बिजली कंपनी

बैठक में उपस्थित बिजली कंपनी के कनिष्ठ यंत्री विलास उईके को शहर में बेतरतीब लटके बिजली के तारों को हटाकर केबल लगाने और बिजली के पोल की ऊंचाई बढ़ाने को लेकर अधिकारियों ने निर्देश दिए है। गौरतलब है कि बिजली कंपनी की लापरवाही भी शहर में अक्सर हादसे का कारण बनती है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

## 545 ग्रामों में प्रगतिरत समूह जलप्रदाय योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

# पेयजल प्रबंधन के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के सुझाव पर बनेगी कार्ययोजना



**बैतूल।** आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले के गांव-गांव तक नियमित पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल का फोकस ग्रामीण इलाकों के पेयजल प्रबंधन पर है। बैतूल जिले के 545 ग्रामों में नियमित पेयजल की उपलब्धता के लिए श्री खंडेलवाल के विशेष प्रयासों से लगभग 806 करोड रुपए की चार समूह जलप्रदाय योजनाएं प्रगतिरत हैं। खंडेलवाल की चिंता बैतूल जिले के उन 793 ग्रामों की है, जहां पीएचई एवं ग्राम पंचायत द्वारा नल जल योजनाएं संचालित की जा रही है। भू जल स्तर में लगातार आ रही गिरावट से आगामी 25-30 वर्षों में इन 793 ग्रामों में संभावित पेयजल समस्या के स्थाई निराकरण के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। भोपाल में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में बैतूल जिले के 793 ग्रामों में पेयजल प्रबंधन को लेकर दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को मध्य प्रदेश की पीएचई मंत्री संपतिया उईके एवं एसीएस पी.नरहरि ने खासी गंभीरता से लेकर सुझाव के मुताबिक कार्य योजना बनाने के निर्देश विभाग के अफसरों, इंजीनियरों को दिए। बैठक में भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख ,आमला विधायक डॉ योगेश पांडाग्रे, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगाबाई उईके अन्य अधिकारी मौजूद रहे । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बैठक में अवगत कराया कि बैतूल जिले में 545 ग्रामों में पेयजल के लिए लगभग 806 करोड़ रुपए की लागत से गढ़ा, मेंढ़ा, घोघरी, वर्धा समूह जल प्रदाय योजनाएं प्रगतिरत है। जबकि अन्य लगभग 793 ग्रामों में पीएचई एवं ग्राम पंचायत द्वारा नलजल योजनाओं, ट्यूबवेल, स्पॉट सप्लाई के माध्यम से पेयजल प्रबंधन किया जा रहा है । श्री खंडेलवाल ने कहा कि पानी के लगातार दोहन से भूजल स्तर 600 से 1000 फीट तक पहुंच गया है। आगामी वर्षों में भूजल स्तर में और अधिक गिरावट होने से समूह जल प्रदाय योजनाओं से छूट लगभग 793 ग्रामों में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। श्री खंडेलवाल ने इन 793 ग्रामों में पेयजल प्रबंधन के लिए सुझाव दिया कि पूरे जिले को समूह जलप्रदाय योजनाओं से कवर करने के लिए नदियों पर वाटर बॉडी की श्रृंखला का निर्माण कर जल स्त्रोत डेवलप किए जाएं तथा 50 से 100 ग्रामों की क्लस्टर आधारित समूह जलप्रदाय योजनाएं बनाई जाए। इसके लिए पीएचई ,जल निगम एवं पंचायत संस्थाएं समन्वय स्थापित कर कार्य करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए बैतूल जिले के 793 ग्रामों में पेयजल प्रबंधन को लेकर दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव पर पीएचई मंत्री संपतिया उईके एवं एसीएस पी.नरहरि ने सहमति जताते हुए उक्त सुझाव के अनुसार कार्य योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों और इंजीनियरों को दिए।

### धीमी गति पर जताई नाराजगी, ठेकेदार पर होगी कार्रवाई

*जिले में प्रगतिरत मेंढ़ा, गढ़ा, घोघरी समूह जलप्रदाय योजना की धीमी गति पर बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित अन्य विधायकों ने नाराजगी जाहिर की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने कहा कि उक्त तीनों समूह जलप्रदाय योजनाओं को वर्ष 2024 में पूर्ण होना था, बाद में इसकी अवधि मार्च 2026 तक बढ़ा दी गई ।लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से प्रगति असंतोषजनक है और परियोजना 2 वर्ष पीछे चल रही है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल उपलब्धता में देरी हो रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की नाराजगी को गंभीरता से लेकर पीएचसी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके और एसीएस पी.नरहरि ने उक्त तीनों परियोजनाओं के ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश अफसर को दिए साथ ही अफसर को निर्देशित किया कि उक्त तीनों परियोजनाओं का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करवाया जाए जिससे ग्रामीणों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।*

# जिले के किसानों को रबी में 10 घंटे निर्बाध बिजली दी जाए

### बैतूल जिले की विद्युत व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने विधायक खंडेलवाल ने दिए सुझाव



**बैतूल।** बैतूल जिले की बिजली व्यवस्था और अधिक बेहतर बनाने के लिए शुक्रवार को मप्र म.क्षे.वि.वि.कं.लि. के मुख्यालय भोपाल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल, आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा बाई उईके, मुलताई विधायक चन्द्रशेखर देशमुख एवं भैंसदेही विधायक महेन्द्र सिंह चौहान सहित प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल, मुख्य महाप्रबंधक (भो.क्षे.) भोपाल बीबीएस परिहार, बैतूल वृत्त के महाप्रबंधक भूपेन्द्र सिंह बघेल, उपमहाप्रबंधक अभय गोप, योगेन्द्र चौधरी एवं हितेश वशिष्ठ उपस्थित थे। बैठक में विधायक श्री खंडेलवाल ने जिले की बिजली सप्लाई, नई परियोजनाओं, उपकेन्द्रों और ग्रामीण विद्युतीकरण पर विस्तार से चर्चा की। सभी विधायकों ने किसानों की मुश्किलों को समझते हुए रबी में 10 घंटे निर्बाध बिजली देने की बात कही। जिले की बिजली मजबूती के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे 132 केवी पाटरैयत उपकेन्द्र के निर्माण में हो रही देरी पर विधायक श्री खंडेलवाल ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह परियोजना लंबे समय से लंबित है, इसे तुरंत प्राथमिकता में लेकर शुरू किया जाए। इस दौरान अधिकारियों ने विधायक श्री खंडेलवाल की वन संबंधी मुद्दों पर आवश्यक सुझाव दिए जिस पर अधिकारियों ने सहमति जताई और इसे शासन स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया। सभी विधायकों ने आगामी 05 वर्षों में जिले की बढ़ती बिजली जरूरतों का हवाला देकर विभिन्न क्षेत्र में 9 नए उपकेन्द्रों के प्रस्तावित किए जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में बिजली लोड कई गुना बढ़ेगा, इसलिए अभी से तैयारी जरूरी है।

**CHANGE OF NAME**

I, No. 14806521F, Ex Havildar **Ramesh Kumar Gayki** residing at Village and Post- Chandrashekhar Ward Betul, Block Betul, Distt.- Betul (MP) 460001 have changed my doughter's Name from **SRISHTI** to **SRISHTI GAYKI** with date of birth 09/11/2006 (Nine November Two Thousand six) vide a affidavit dated 05/12/2025 before Notary Betul.

**CHANGE OF NAME**

I, ADITEE is a legal daughter of Smt. Pushpawati Khakre wife of No. 13991543N, Nk (Late) Manoj Khakre resident at Vill.- Andhariya, PO- Amla, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP), Pin-460551 have changed my name from **ADITEE** to **ADITI KHAKRE** with date of birth 15-05-2002 (Fifteen May Two Thousand Two) vide affidavit dated 25-11-2025. before notary Amla Distt.- Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**

I, SHIVAM is a legal son of Smt. Pushpawati Khakre wife of No. 13991543N, Nk (Late) Manoj Khakre resident at Vill.- Andhariya, PO.- Amla, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP.), Pin-460551 have changed my name from **SHIVAM** to **SHIVAM KHAKRE** with date of birth 27-10-2007 (Twenty Seven October Two Thousand Seven) vide affidavit dated 25-11-2025. before notary , Amla, Distt.- Betul (MP.)

## संक्षेप खबर

### शुक्रवार को तीन घंटे बंद रही बिजली सप्लाई

इटारसी। शहर के निवासियों के लिए आवश्यक सूचना है कि ,शुक्रवार, 05 दिसंबर 2025 को बूढ़ी माता सब-स्टेशन से संचालित होने वाले 11 केवी टेलीफोन एक्सचेंज फीडर से बिजली की आपूर्ति बाधित रही। यह कटौती रखरखाव कार्य के कारण की गई ताकि भविष्य में बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। कटौती सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक कुल 3 घंटे रही। इस फीडर से बिजली प्राप्त करने वाले शासकीय अस्पताल और टेलीफोन एक्सचेंज की बिजली सप्लाई इस दौरान बंद रही। बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है और असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

### दिव्यांगजन दिवस पर किया गया जागरुक

सीहोर। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्वास्थ्य संस्थाओं में जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। मरीजों को दिव्यांगजनों के अधिकार, कल्याण को बढ़ावा देने व शारीरिक एवं मानसिक रूप से कमजोर लोगो के प्रति भेद-भाव न करने जागरूक किया गया।

फिजिबिलिटी परीक्षण का हवाला देकर सरकार ने मामले को टाला

# ठहरा निर्माण : सोनासांवरी रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज की तीसरी भुजा का पेंच फंसा

शहर के सोनासांवरी रेलवे गेट पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज की बहुप्रतीक्षित तीसरी भुजा का मामला एक बार फिर अधर में लटक गया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के सोनासांवरी रेलवे गेट पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज की बहुप्रतीक्षित तीसरी भुजा का मामला एक बार फिर अधर में लटक गया है। विधानसभा में लोक निर्माण मंत्री के जवाब ने साफ कर दिया है कि तीसरी भुजा के निर्माण को लेकर सरकार कोई जल्दबाजी नहीं कर रही है, बल्कि फिजिबिलिटी परीक्षण का हवाला देकर मामले को फिलहाल टाल दिया गया है। इससे क्षेत्र के हजारों लोगों की मांग और आंदोलन को झटका लगा है, जो न्यास कॉलोनी बाईपास पर इसे उतारने की मांग कर रहे हैं ताकि बारिश में होने वाली जलजमाव की समस्या से मुक्ति मिल सके। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के प्रश्न पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जो जवाब दिया, उसके अनुसार एफओबी की डिजाइन 27 फरवरी 2023 को स्वीकृत हुई थी। डिजाइन को परिवर्तित किया गया और इसकी जांच मैनिट भोपाल से कराई गई थी। मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित तीसरी भुजा मौजूदा जंक्शन पर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ा सकती है। दुर्घटनाओं की आशंका के कारण, अब फिजिबिलिटी(व्यवहार्यता) परीक्षण किया जाएगा, जिसके बाद ही तीसरी भुजा के निर्माण पर कोई निर्णय लिया जाएगा। मंत्री ने स्पष्ट किया है कि फिजिबिलिटी परीक्षण के चलते तीसरी भुजा के लिए कोई निश्चित समय-सीमा बताना संभव नहीं है।

#### तीसरी भुजा क्यों है जरूरी?

मांग का मुख्य कारण बारिश में जलजमाव : प्रस्तावित स्थल के पास नाला है, जो बारिश के मौसम में उफान पर आता है। यदि भुजा को यहां नहीं उतारा जाता है, तो नाला पार करने वाले हजारों लोगों को लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा। बारिश में वैकल्पिक मार्ग बंद होने से सोनासांवरी और आसपास के 18 से अधिक गांवों के लोगों को शहर में प्रवेश के लिए अनावश्यक रूप से लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

राजनीतिक खींचतान में आमजन की अनदेखी स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजनीतिक नूराकुश्ती के कारण जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण मामले को जानबूझकर उलझाया जा रहा है। पिछले दिनों इस मांग को लेकर हुए आंदोलनों के बावजूद, शासन ने दुर्घटना और फिजिबिलिटी जैसे तकनीकी पहलुओं का सहारा लेकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। जानकारों का मानना है कि यदि शासन जनहित की मांग को अनदेखा करते हुए कोई गेम करता है या समस्या को उसके हाल पर छोड़ देता है, तो यह अनदेखी आने वाले समय में एक बड़ी समस्या और जनता के लिए परेशानी का सबक बन सकती है।

## आईआईटी परीक्षा में प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर


एन एस यू आइ अध्यक्ष सहित सभी युवाओं ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम तहसीलदार वैभव बैरागी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया गयाहै कि आईआईटी छात्रों की उपस्थिति दर्ज न होने और उन्हें मुख्य परीक्षा से वंचित होनेके खिलाफ ज्ञापनसोपा गया है। ज्ञापन में बतायागया है कि कई ट्रेड के लगभग 20 छात्रों की उपस्थिति पोर्टल पर दिखाई नहीं दे रही है छात्रोंका कहना है। की पूर्व में भी कम उपस्थिति की समस्या होने पर आंदोलनकियागया था। एन एस यू आइ अध्यक्ष सहित सभी लोग शामिल हुए बताया कि प्रचारिणीछात्रों को 3माह में उपस्थित पूरी करने को कहा था। छात्रों ने 80% उपस्थित पूरी कर लीहै। उसके बाद भी परेशान किया जा रहा है। छात्रों ने कहा है कि 7 दिसंबर पोर्टलबंद हो सकता है। इसलिए प्रशासन से इसलिए प्रशासन से अनुरोधकिया गया है। मुख्यपरिक्षा में बैठने का अवसर प्रदान किया जावे। तहसीलदार ने बताया कि इस मामलेमें प्राचार्यसे चर्चाकरने के बाद समाधान किया जाएगा।

### एड्स जागरुकता पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

सोहागपुर। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में विश्व एड्स दिवस सप्ताहांतर्गत विविध आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किये जा रहे हैं। इस दौरान बुधवार को रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा एड्स जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## डॉक्टरों, नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने अनिल को अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के प्रतिष्ठित, जनसेवा को समर्पित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनिल सिंह के आकस्मिक निधन से संपूर्ण चिकित्सा जगत और नगर में गहरा शोक व्याप्त है।

शुक्रवार को डॉ. अनिल सिंह पंचतत्व में विलीन हो गए, जहां इटारसी शहर के गणमान्य नागरिकों, डॉक्टरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम विदाई में उपस्थित होकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके पुत्रों ने स्व डॉ सिंह को मुखाग्नि दी। श्रद्धांजलि सभा का संचालन करते हुए मनीष ठाकुर ने उनके व्यक्तित्व, सेवाभाव, समाज के प्रति समर्पण और राजपूत समाज के लिए उनके योगदान का विस्तार से उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि राजपूत समाज के मजबूत स्तंभ और शहर के सबसे वरिष्ठ चिकित्सकों में से एक का यूँ अचानक जाना इटारसी के लिए एक बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई 1962 को मेरठ में जन्मे डॉ. सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आजमगढ़ तथा उच्च शिक्षा सहारनपुर से प्राप्त की।

इसके बाद उन्होंने BSc, एमबीबीएस एवं एस की उपाधि सेवाग्राम वर्धा से अर्जित की। वर्ष 1996 में इटारसी आगमन के पश्चात डॉ. सिंह ने राठी हॉस्पिटल से अपनी सेवाए प्रारंभ कीं और इटारसी को ही अपनी कर्मभूमि बनाया। मानवीय संवेदनाओं, सेवाभाव और ईमानदारी ने उन्हें शीघ्र ही शहर के सबसे विश्वसनीय और लोकप्रिय चिकित्सकों की श्रेणी में स्थापित कर दिया।

वर्ष 2000 में माता मंदिर अस्पताल की नींव रखकर और 2004 में इसे एक आधुनिक, सर्व-सुविधायुक्त अस्पताल के रूप में विकसित करके उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में एक मील का पत्थर स्थापित किया। हजारों मरीजों को नई उम्मीद और जीवन देने की उनकी प्रतिबद्धता आज भी शहर में मिसाल के रूप में याद की जाती है।

उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुनीता सिंह स्वयं प्रतिष्ठित चिकित्सक हैं, जबकि उनके दोनों सुपुत्र डॉ. अनिकेत सिंह (सर्जन एवं अस्पताल संचालक) और डॉ. अनमोल सिंह चिकित्सा क्षेत्र में समाज की सेवा को आगे बढ़ा रहे हैं।

डॉ. अनिल सिंह का सौम्य, सरल, हंसमुख और संवेदनशील व्यक्तित्व उन्हें हर दिल में एक विशिष्ट स्थान दिलाता था। उनके अचानक निधन ने शहर को अपूरणीय क्षति पहुचाई है।

## निजी स्कूल संचालक कुलदीप साहू की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर के सेवाभावी साहू परिवार के युवा सदस्य एवं सनफ्लावर स्कूल सोहागपुर के संचालक कुलदीप साहू का शुक्रवार तड़के सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया है। पार्थिव शव की अंतिम यात्रा शुक्रवार दोपहर निकाली गई, जिसमें सैकड़ों नागरिक सम्मिलित हुए।

जानकारी अनुसार सोहागपुर निवासी साहू परिवार छिंदवाड़ा में हुए एक वैवाहिक आयोजन में सम्मिलित होने पहुंचा था। गुरुवार शुक्रवार की दरम्यानी रात सभी परिजन निजी चौपहिया वाहनों से सोहागपुर लौट रहे थे। इस दौरान सुबह तीन से चार बजे के बीच मटकुली के समीप हुई सड़क दुर्घटना में लगभग 35 वर्षीय कुलदीप साहू पुत्र यशवंत साहू की मृत्यु हो गई है। जिनका पार्थिव शरीर शुक्रवार सुबह सोहागपुर लाया गया। दोपहर लगभग दो बजे जवाहर वार्ड स्थित साहू निवास से दिवंगत कुलदीप साहू की अंतिम यात्रा जमनी मुक्तिधाम की ओर रवाना हुई। युवा कर्मठ व्यापारी एवं शैक्षणिक संस्थान के कुशल संचालक बंधुओं दीपक साहू व संदीप साहू के अनुज दिवंगत कुलदीप साहू की अंतिम यात्रा में जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, क्षेत्रीय निजी स्कूलों के संचालकों एवं मित्रों सहित परिजन सम्मिलित हुए। कुलदीप साहू के भाईयों ने उन्हें मुखाग्नि दी। उल्लेखनीय है कि लगभग तीन माह पूर्व ही कुलदीप की पहली संतान के रूप में बिटिया ने जन्म लिया है। साहू परिवार बिटिया के जन्म से बहुत खुश था, लेकिन इस दुर्घटना से साहू परिवार में गहन शोक की स्थिति है।

## डबल लॉक प्रभारी पर लगे ब्लैक में यूरिया खाद बेचने के आरोप, किसानों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




विधानसभा क्षेत्र में लगातार 3 वर्ष से डीएपी खाद यूरिया खाद वितरणके मामले में पुलिस प्रशासन से लेकर सभीलोग जनप्रतिनिधियों अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी नायाब तहसीलदार धर्मेंद्र नामदेव की उपस्थिति में भी वितरण किया गया है। लेकिन उसके बाद भी प्रबंधक के द्वारा लगातार गड़बड़ी की जा रही है।

हजारों बोरीया ब्लैक में बैंचनेके मामले कीजांच तत्काल प्रभाव से कराने की मांग कीहै लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। यहां तक बताया गया है कि अधिकारी सांसद विधायक सहित अन्य सभी पदाधिकारियों से अपने किसान मजदूर की सूची मंगाकर उनके घर पर गाड़ी भरकर खाद्य भेज देते हैं।

वर्तमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने विगत दिनों 1000बोरी की गड़बड़ी पाई गई थीं। शिकायत पर लेकिन एक माह बीतने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।पी ओ एस मशीन में 40,50बोरी के नाम पर किसानों से फर्जी अंगुठे लगवाने के लिए अपने अधीनस्थ कर्मचारी को ठेका दिया करते हैं इसकी शिकायत करने वाले कर्मचारियों को उनके घर जाकर धमकी दे रहे हैं।निमोदाने अपनी पोस्टिंग पिपरिया होने के पूर्व सेमरीहरचंद में 43लाख की गड़बड़ी की थी।

जिला में जमा करने के बाद पिपरिया पोस्टिंग कराई थी।अब पिपरिया में भी लगभग इतना ही घोटाला हुआ है। तब जाकर उजागर हुआ है। डबल लाक के कर्मचारियों के पास सबूत भी है।

तरौनकला के सैंकड़ों किसानों ने यूरिया डीएपी खाद वितरणके मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है लेकिन इसविषय में आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।सुत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला नर्मदापुरम में इनके भाई साहब ही इस शाखा प्रभारी है। शिकायत करने वाले ने बताया कि इसमें बड़े लोग शामिल हैं। हमेशा एसडीएम की आड़ लेकर यह घपला किया गया है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



थाना सोहागपुर ने गत पखवाड़े से लेकर वर्तमान समय तक सड़क यातायात के नियमों का पालन ना करने वालों के खिलाफ विशेष कार्यवाही की है। विशेषकर नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने वालों, सीट बेल्ट ना लगाकर चौपहिया वाहन चलाने वालों, बिना हेलमेट पहने बाइक व स्कूटर चलाने वालों तथा बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के चालकों पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान कुल 130 प्रकरणों में 51,600 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि थाना क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों व पलकमति पुल के आसपास दोपहिया, तिपहिया व चौपहिया वाहनों को पार्क ना करें। इससे जाम की स्थिति बनती है। साथ ही चेतावनी दी है कि ऐसा करते हुए पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस का प्रयास है कि आमजन यातायात नियमों का पालन करें, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें तथा यातायात के प्रति जागरूक रहे।

## नपाध्यक्ष चौरे ने परखा विकास कार्य, निर्माण कार्य की गुणवत्ता और गति जांची, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने नगर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्ता और गति की जानकारी ली, साथ ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

वार्ड 06 (बंगलिया): लगभग 8 लाख रुपए की लागत से बन रही आरसीसी नाली का निरीक्षण किया। इससे 200 परिवारों को जलभराव से राहत मिलेगी।

वार्ड 25 : 150 मीटर लंबी आरसीसी नाली के निर्माण की समीक्षा की। अध्यक्ष ने अधिकारियों को नाली की ढाल, चौड़ाई और मजबूती पर विशेष ध्यान देने को कहा।वार्ड 22 : निर्मित 100 मीटर सीसी नाली की जांच की और नियमित सफाई व देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कार्य तेजी से चल रहे हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सभापति पार्षद श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल, पार्षद जिम्मी कैथवास, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया, पार्षद शुभम गौर तथा सब इंजीनियर सुरेन्द्र रावत उपस्थित रहे।

### 8 फीट के अजगर को पकड़ा, जंगल में छोड़ा



इटारसी। ग्राम होरिया पीपर में गुरुवार शाम को एक खेत के टप्पर में बने टीन के नीचे बैठे एक विशाल अजगर को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। करीब 8 फीट लंबे इस अजगर को बाद में सुरक्षित बागदेव के जंगल में छोड़ दिया ।।जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम को खेत मालिक जितेंद्र साहू ने अपने खेत पर बने टप्पर की टीन के बीच इस विशाल अजगर को देखा। जितेंद्र साहू ने तुरंत सर्प रक्षक अभिजीत चौरे और अभिषेक चौरे को सूचना दी। अभिषेक चौरे, अभिजीत चौरे और वरुण चौरे की टीम मौके पर पहुंची। 30 से 40 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया गया।

## सिवनी मालवा में धान खरीदी शुरू, 20 जनवरी तक जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

सिवनी मालवा क्षेत्र में राज्य सरकार के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का काम 1 दिसंबर 2025 से शुरू हो गया है, जो 20 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा। इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,369 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

किसानों से व्यवस्थित तरीके से खरीदी सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में कुल 11 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 2 शासकीय तथा 9 निजी केंद्र शामिल हैं। इस बार खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक क्षेत्र के अनुसार निकटतम समितियों और वेयरहाउस परिसरों को केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। इन केंद्रों में जिन समितियों के माध्यम से खरीदी की जाएगी, उनमें सेवा सहकारी और आदिम जाति सेवा सहकारी समितियां प्रमुख रूप से शामिल हैं।

धान खरीदी केंद्रों में बानापुरा मंडी क्षेत्र में सेवा सहकारी समिति पिपलिया कलां को श्री जयदुर्गे एग्रो वेयरहाउस एंड इंफ्रा परिसर, ग्राम पिपलिया कलां में संचालित किया गया है, वहीं सेवा सहकारी समिति कोठरा की खरीदी सतपुड़ा वेयरहाउस परिसर, ग्राम बांकाबेड़ी में की जाएगी। सेवा सहकारी समिति बांकाबेड़ी और कांसखेड़ी की खरीदी पारस वेयरहाउस परिसर कहारिया में होगी। वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति शिवपुर के लिए पटेल वेयरहाउस परिसर, ग्राम शिवपुर को केंद्र बनाया गया है।

किसानों को उनकी जरूरत अनुसार दिया जाए तकनीकी मार्गदर्शन के साथ प्रशिक्षण

# कलेक्टर ने आईटीसी रिसर्च व डेवलपमेंट फार्म और खाद्य प्रसंस्करण यूनिट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरु के. ने इछावर जनपद के ग्राम अरोलिया स्थित आईटीसी रिसर्च एवं डेवलपमेंट फार्म का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालगुरु के. को अश्वगंधा की खेती एवं रोज़ैल फसल की खेती के बारे मे जानकारी दी गई एवं बताया गया कि आईटीसी द्वारा सीहोर जिले में लगभग 650 एकड़ मे किसानों द्वारा अश्वगंधा की खेती की जा रही है। कलेक्टर बालागुरू के. को अश्वगंधा की खेती के अलावा अन्य औषधीय फसलों जैसे स्टीविया, तुलसी, काँच, गुग्गल आदि फसलों की खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने आईटीसी फार्म पर गुग्गल के पौधे का रोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में औषधीय फसलों के तहत होने वाले नवाचार एवं आधुनिक तकनीक को अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाया जाए, ताकि वे उच्च मूल्य वाली फसलों से बेहतर आय अर्जित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रसंस्करण इकाइयों को स्थानीय स्तर पर प्रोत्साहन देकर कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को किसानों की जरूरत अनुसार तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और विपणन सहायता समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर विकासखंड में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित पीएमएफएमई योजनान्तर्गत लाभान्वित हितग्राही हरीश गुप्ता द्वारा स्थापित खाद्य प्रसंस्करण इकाई विनायक नमकीन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान श्री गुप्ता द्वारा कलेक्टर को अपनी इकाई में बनाए जा रहे विभिन्न प्रकार के नमकीन एवं उन्हें बनाने की प्रक्रिया तथा विपणन के बारे में जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान आईटीसी वैज्ञानिक डॉ नागेंद्र मिश्रा, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक जगदीश मुझाल्दा, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी सुनील रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## महिला एवं सेवादल प्रदेश अध्यक्ष से मिले जिलाध्यक्ष पांडेय



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अनुभाग कांग्रेस प्रभारी ओम पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओम सेन ने महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव रूपल संचेती एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव जी से मुलाकात की।

इस मुलाकात में नेताओं के बीच में नर्मदापुरम जिले की राजनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा दी गई।

## खबर संक्षेप



### झुमकी घाट पर ब्रेकफेल होने से ट्राला दुर्घटनाग्रस्त

**झिरन्या।** चित्तौडगढ़-भुसावल राष्ट्रीय मार्ग पर गुरुवार-शुक्रवार की रात झुमकी घाट पर ब्रेक फेल होने से पहले एक ट्राला दुर्घटनाग्रस्त हो गया और फिर उसी पर एक आयशर चढ़ गई। इस घटना में चालक और उनके सहायक बाल-बाल बच गए। घटनानुसार मंदसौर का ट्राला बुरहानपुर आया था और धुलकोट (नेपानगर) से मक्का भरकर नीमच जा रहा था। चालक फ़रियाद खान ने बताया कि घाट पर ब्रेक फेल हो गए और वह खेत में जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, यह घटना रात्रि करीब 11.30 बजे की है। इसके बाद रावेर से आइसर में कपास भरकर खरगोन जा रहा था। उक्त स्थान पर उसका भी ब्रेक फैल हो गया और वह रात्री करीब एक बजे दुर्घटनाग्रस्त ट्राले पर चढ़ गया।

### नियम विरुद्ध उत्खनन पर 9 करोड़ से अधिक की शास्ति अधिरोपित

**हरदा।** अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार द्वारा अनावेदक सागर स्टोन क्रशर खरड प्रोपरायटर राहुल पटेल पिता प्रहलाद पटेल निवासी हरदा तथा आयुष क्रशर प्रोपरायटर राजेश सिरोही पिता रामनारायण सिरोही निवासी हरदा के विरुद्ध पत्थर (गिट्टी) मात्रा 27639 घन मीटर का अवैध उत्खनन पाए जाने पर मप्र अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण का निवारण नियम 2022 के तहत अर्थदंड 4,97,50,200 रुपए तथा पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि रुपए 4,97,50,200 कुल अर्थशास्ति राशि 9,95,00,400 (नो करोड़ पिच्यानवे लाख चार सौ) अधिरोपित की है। इसके अतिरिक्त ग्राम धनवाड़ा की भूमि खसरा नम्बर 94/1, 103/1 तथा 103/2 रकबा 3.500 हेक्टेयर जिस पर अनावेदक राजेश सिरोही के द्वारा आयुष क्रशर नाम से उत्खनिपट्टा प्राप्त किया था, को भूमि स्वामी द्वारा 2 नवम्बर 2023 को क्रेतागण सोहन पिता हेमराज जाट एवं आयुष पिता संदीप गोखले को कृषि भूमि के रूप में विक्रय कर भी शासन को प्राप्त होने वाली स्टाम्प ड्यूटी की क्षति की है। इस हेतु जिला पंजीयक हरदा को नियमानुसार कार्यवाही हेतु लिखा गया है। अनावेदकों को निर्देशित किया गया है कि अर्थशास्ति की राशि शासन के निर्धारित मद में जमा कर चालान प्रति प्रस्तुत करें।

कमिश्नर ने नौसर (पुरा), तजपुरा व उन्द्राकच्छ में नल जल योजनाओं का किया निरीक्षण

# सुपर बाजारों में विक्रय के लिए जैविक उत्पाद उपलब्ध कराए जाएः कमिश्नर

## टिमरनी कृषि उपज मंडी में जैविक हाट शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में जैविक/प्राकृतिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हरदा, टिमरनी एवं खिरकिया में जैविक/प्राकृतिक हाट प्रारंभ किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को टिमरनी की कृषि उपज मंडी में जैविक/प्राकृतिक हाट प्रारंभ किया गया। नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त केजी तिवारी एवं कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जैविक हाट में पहुंचकर विक्रय किए जा रहे जैविक उत्पादों का अवलोकन किया। इस दौरान कमिश्नर ने जिले के सुपर बाजारों एवं फुटकर बाजारों में जैविक/ प्राकृतिक उत्पाद विक्रय हेतु उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कमिश्नर ने जैविक खेती अपना रहे कृषकों से भी इस दौरान चर्चा की।

भ्रमण के दौरान कमिश्नर एवं कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत नौसर (पुरा), तजपुरा एवं उन्द्राकच्छ में संचालित नल जल योजनाओं का निरीक्षण किया एवं पेयजल की आपूर्ति की स्थिति पर ग्रामीणों से जानकारी ली। कमिश्नर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि जिले में निर्माणाधीन सभी नल जल योजनाएं समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएं। उन्होने निर्देश दिये कि पूर्ण योजनाएं शीघ्रता से सर्टिफाइड भी की जाएं। संभागायुक्त ने भ्रमण के दौरान इन क्षेत्रों में नहरों से सिंचाई के पानी की वितरण व्यवस्था भी देखी एवं किसानों से चर्चा की। नौसर के पुरा में संचालित आंगनवाड़ी का भी निरीक्षण कर वहां केन्द्र की संचालन व्यवस्था की जानकारी ली।

भ्रमण के दौरान तजपुरा की ग्राम पंचायत में कमिश्नर ने पटवारी के बैठने का दिन एवं समय प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। गांव की पुलिया की मरम्मत हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने नगर परिषद टिमरनी द्वारा संचालित रेन बसेरा का भी निरीक्षण किया। यहां आने वाले मुसाफिरों के लिये गरम पानी एवं कम्बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही बस स्टेण्ड व रेल्वे स्टेशन पर रेन बसेरा की जानकारी एवं संबंधित कर्मचारी का मोबाइल नम्बर अंकित करने के लिये भी निर्देशित किया। टिमरनी के तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का भी कमिश्नर द्वारा निरीक्षण किया गया। यहां उन्होने ई-ऑफिस, मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य एवं सार्थक एप पर कर्मचारियों की हाजरी की व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



## अनियमितताओं में दोषी पाया गया शिकायतों के बाद मगरधा के प्रभारी प्राचार्य निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के मगरधा गांव स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीयूष राठौर को गुरुवार को निलंबित कर दिया गया। लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग के संयुक्त संचालक मनीष वर्मा ने यह कार्रवाई अतिथि शिक्षकों को परेशान करने और अन्य अनियमितताओं की शिकायतों के बाद की है। जानकारी के अनुसार, अतिथि शिक्षकों ने प्रभारी प्राचार्य राठौर के खिलाफ गड़बड़ी की शिकायत कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से की थी।

इस पर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) डीएस रघुवंशी ने शिकायत संबंधी दस्तावेज संयुक्त संचालक, नर्मदापुरम को भेजे थे। संयुक्त संचालक द्वारा की गई जांच में प्रभारी प्राचार्य पीयूष राठौर को कई अनियमितताओं में दोषी पाया गया। इनमें अतिथि शिक्षकों को अनुपस्थित अवधि का मानदेय भुगतान करना, विद्यार्थियों से प्रवेश पत्र वितरण के समय अतिरिक्त राशि वसूलना, संबल योजना के तहत विद्यार्थियों की बोर्ड द्वारा माफ की गई परीक्षा शुल्क वापस न करना और शैक्षणिक सत्र 2024-25 की अतिथि शिक्षक उपस्थिति पंजी का गुम होना शामिल है। जांच में यह भी सामने आया कि उनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल हुए थे और समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुई थीं, जिससे विभाग की छवि धूमिल हुई।

राठौर को दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही और स्वेच्छाचारिता पूर्वक वित्तीय अनियमितता बरतने का दोषी पाया गया। इसके बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में राठौर का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खिरकिया रहेगा। मामले पर प्रभारी प्राचार्य पीयूष राठौर ने कहा कि उनके खिलाफ की गई कार्रवाई अतिथि शिक्षकों की राजनीति का नतीजा है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने सभी कार्य नियमानुसार किए हैं और उनका रिकॉर्ड भी संधारित है। राठौर के अनुसार, पूर्व के सत्रों में अतिथि शिक्षक ही शाला का कार्य करते थे, लेकिन उनके जाने के बाद नियमानुसार कार्य का विरोध करने लगे, जिसके चलते वे आक्रोशित होकर उनके खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे दिव्यांग है इसलिए उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया है।

### धान, ज्वार व बाजरा के उपार्जन हेतु 2 खरीदी केंद्र बनाए

**हरदा।** जिले में 1 दिसम्बर से 20 जनवरी 2026 तक खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा फसल की खरीदी की जाएगी। जिला आपूर्ति अधिकारी बासुदेव भदोरिया ने बताया कि जिले में धान, ज्वार एवं बाजरा फसल की खरीदी के लिए गोदाम स्तर पर 2 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। इन खरीदी केन्द्रों में सेवा सहकारी समिति मर्या. गोंदागांवखुर्द कृष्णा वेयर हाउस 27 टिमरनी तथा सेवा सहकारी समिति मर्या. खेड़ा शासकीय वेयर हाउस खेड़ा शामिल हैं। भदोरिया ने बताया कि किसान खरीदी केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग कर अपनी फसल का विक्रय कर सकते हैं।

विश्व मृदा दिवस के अवसर पर ग्राम गोला में कार्यक्रम संपन्न

## 'रसायनों के उपयोग से हमारी भूमि दूषित हो रही'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




विश्व मृदा दिवस के तहत शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र हरदा द्वारा तहसील हंडिया के ग्राम गोला में विश्व मृदा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख डॉ. संध्या मूरे ने बताया कि लगातार रसायनों के उपयोग से हमारी भूमि दूषित हो रही है। लगातार रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से हमारी मृदा की उत्पादन क्षमता में कमी आ रही है।

केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. रूपचंद जाटव ने किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए जागरूक किया। डॉ. ओमप्रकाश भारती ने बताया कि मृदा हमारे जीवन का आधार है इसे हम दूषित कर रहे हैं। हम संतुलित खाद के उपयोग से भी अच्छा उत्पादन कर सकते है। कार्यक्रम के दौरान कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा नर्मदापुरम के ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के अंतर्गत चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों तथा सभी किसानों ने कार्यक्रम का लाभ लिया। इस दौरान मृदा नमूना एकत्रीकरण की विधि एवं जैव उर्वरकों के साथ नरवाई प्रबंधन के संबंध में डॉ. रूपचंद जाटव द्वारा किसानों से विस्तार से चर्चा की गई।

## महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को किया जाएगा जागरूक

### उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में चलाया जाएगा कॉलेज चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शासकीय महाविद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 में विद्यार्थी अधिक से अधिक प्रवेश लें, इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा प्रदेश में एक माह तक कॉलेज चलो अभियान चलाया जाएगा।

इस दौरान स्कूलों में पढ़ाई कर रहे कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को महाविद्यालयों में चलाए जा रहे पाठ्यक्रम, संसाधन, इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सुविधाओं और केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिए जागरूक किया जाएगा। अभियान का पहला चरण 5 जनवरी 2026 तक चलेगा। अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार की जागरुकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। कॉलेज चलो अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों सहित पूर्व छात्रों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पंचायत सचिव, ग्राम सभा, स्व-सहायता समूह एवं युवा संगठनों के साथ बैठक कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से सुझाव भी लिए जाएंगे। महाविद्यालय की टीम द्वारा विद्यालयों का एवं उनके अभिभावकों भ्रमण किया जाएगा। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रम, कैरियर अवसरों एवं प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रयोगशाला, खेल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। करियर कॉउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय चयन, उच्च अध्ययन, रोजगार एवं कौशल आधारित शिक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## अब प्याज ने निकाले अन्नदाता के आंसू
## 40 पैसे किलो दाम मिलने पर टूटा किसान का सब्र, 50 कट्टी प्याज सड़क पर फेंकी



**सीहोर।** जिले से किसानों की बेबसी और आर्थिक संकट की एक हृदयविदारक तस्वीर सामने आई है। प्याज के औने-पौने दाम मिलने से बुरी तरह टूटे पूर्णिया गांव के एक किसान ने अपनी पूरी 50 कट्टियों की प्याज सडक़ पर फेंक दी। बता दें किसान प्याज बेचने के लिए सुबह जिला मुख्यालय स्थित मंडी पहुंचा था, लेकिन वहां 40 किलो की एक कट्टी का दाम मात्र 10 रुपये लगा। इसका मतलब है कि किसान को प्याज का मूल्य मात्र 40 पैसे प्रति किलो मिल रहा था। इतने कम दाम मिलने से किसान का ट्रैक्टर-ट्राली का भाड़ा तक नहीं निकल पाया। अपनी मेहनत की उपज का यह मजाक देख किसान ने मंडी परिसर के बाहर और सडक़ पर पूरी प्याज फेंक दी।

**भावांतर योजना में शामिल करने की मांग :** किसान द्वारा सडक़ पर प्याज फेंकने को लेकर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। मेवाड़ा ने कहा कि सोयाबीन की फसल पहले ही बर्बाद हो चुकी है और अब प्याज के दाम ने किसानों को गहरे आर्थिक संकट में धकेल दिया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्याज को भावांतर योजना में शामिल किया जाए, ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके और किसी भी किसान को अपनी मेहनत की उपज सडक़ पर फेंकने जैसा कदम न उठाना पड़े।

### लागत भी नहीं निकल रही

*- यह हमारी मेहनत का अपमान है। प्याज उगाने में जो लागत लगती है, वह तो छोड़िए, मंडी तक लाने का भाड़ा भी नहीं निकल रहा। इस दाम पर बेचने से अच्छा है कि हम इसे यहीं फेंक दें।*

***रामचंदर मेवाड़ा, किसान बरखेड़ी***

*- सोयाबीन पहले ही खराब हो चुकी है और अब प्याज ने भी रुला दिया। अगर यही हाल रहा तो हम कर्ज में डूब जाएंगे।*

***भैरुलाल वर्मा, किसान निपानियां***

*- सरकार को किसानों की तरफ देखना चाहिए। हम इतनी मेहनत करते हैं, रात-दिन एक करते हैं, लेकिन दाम हमें मिट्टी के मोल मिलते हैं।*

***दशरथ सिंह, किसान बिलकिसगंज***

*- अगर हमारी लागत ही नहीं निकलेगी तो हम अगले साल फसल कैसे उगाएंगे, यह हमारे परिवार के भरण-पोषण का सवाल है।*

***महेश मेवाड़ा, किसान पचामा***

सामूहिक विवाह समारोह में 9 जोड़ों का हुआ विवाह

# सामूहिक विवाह से समय और धन की बचत के साथ समरूपता की भावना जागृत होती है : डॉ.अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

वर्तमान में सामूहिक विवाह समारोह की महत्ता अधिक बढ़ रही है। धन, समय की बचत तो होती है साथ समरूपता की भावना भी जागृत होती है। उक्त कथन राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ राष्ट्रीय संयोजक डा अर्चना जायसवाल ने प्रयागराज में सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधू को आर्शीवाद देते हुए नव दंपत्ति के सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जानकारी मप्र युवा अध्यक्ष सुशील शिवहरे ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह जिसके आयोजक अधिवक्ता टीएन जायसवाल द्वारा आयोजित हुआ जिसमें 9 जोड़ों ने सात जन्मों तक साथ निभाने की कसम खायी। जायसवाल समाज धर्मशाला कटघर में आयोजित इस समारोह में अनेक प्रदेशों से समाजजनों ने नव दंपत्ति को आशीर्वाद दिया। दोपहर को नगर के विभिन्न मार्गों से भव्य बारात स्थानीय केपी कालेज से प्रारंभ हुई जिसका जगह जगह भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत सत्कार किया गया। बारातियों जिसमें डा. अर्चना जायसवाल, शिवचरण हांडा, राकेश राय सीहोर, कलचुरी वार्ता प्रधान संपादक राजेश राय उज्जैन, सुशील शिवहरे, जुगल किशोर राय, ह्रदेश राय, गिरिजा शंकर राय, विश्वनाथ कलवार, मधुबाला कलवार, धनेंद्र धुवारे, ब्रजेश कुमार जायसवाल, धर्मेन्द्र जायसवाल, पंकज जायसवाल सहित अनेक समाजजन, स्थानीय स्वजातीय बंधुओं ने जमकर बैण्ड बाजा और डीजे की मधुर ध्वनि पर जमकर डांस किया। जायसवाल समाज धर्मशाला कटघर पर सभी बारातियों का मुख्य द्वार पर स्वागत सत्कार कर सभी बारातियों को सुस्वादिष्ट भोजन करवाया गया जिसकी प्रशंसा सभी ने की। मंच से सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ राष्ट्रीय संयोजक डा अर्चना जायसवाल को समाज सेवा में कार्य करने के लिए कलचुरी समाज अनमोल रत्न से सम्मानित किया गया वहीं मप्र अध्यक्ष राकेश राय सीहोर, कलचुरी वार्ता समाचार पत्र प्र. संपादक राजेश राय उज्जैन, मप्र युवाध्यक्ष सुशील शिवहरे, प्रदेश महासचिव जुगल किशोर राय को समाजसेवा में कार्य करने के लिए शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। भव्य और ऐतिहासिक आयोजन के सफल आयोजन के लिए मुख्य अतिथि, समस्त अतिथिगणों द्वारा आयोजक अधिवक्ता टीएन जायसवाल का भव्य स्वागत सत्कार किया गया। संचालन युवा कवि सुजित जायसवाल ने किया।

### भगवान श्री सहस्त्रार्जुन प्रचार-प्रसार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सामाजिक एकता के लिए सदैव तत्पर

**सीहोर।** राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ का उद्देश्य समाज का विकास, उत्थान और भगवान श्री सहस्त्रार्जुन प्रचार प्रसार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक एकता के लिए सदैव तत्पर है। उक्त कथन राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ राष्ट्रीय संयोजक डा अर्चना जायसवाल ने अपने संबोधन करते हुए व्यक्त किए। वहीं मप्र अध्यक्ष राकेश राय ने कहा कि राजनैतिक क्षेत्र में भी समाजजनों को उचित सम्मान, स्थान मिलें यही प्रयास हम सभी को मिलकर करना चाहिए। प्रयागराज में समाजजनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष किशोर राय ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम परम पवित्र पावन धरा, मां गंगा के परम पवित्र तट स्थित अरेल घाट पर जितेन्द्र जायसवाल द्वारा मां गंगा की भव्य आरती करवायी गयी। राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ द्वारा घोषणा की गई कि उक्त स्थल पर जब भी निर्माण कार्य किया जाएगा संगठन द्वारा एक लाख रुपए की सहयोग राशि दी जाएगी। साथ ही भगवान श्री सहस्त्रार्जुन मंदिर निर्माण करने वाले श्री जयप्रकाश जायसवाल का स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रा.कार्यकारी अध्यक्ष शिवचरण हांडा, मप्र अध्यक्ष राकेश राय सीहोर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष किशोर राय, प्रदेश महासचिव जुगल किशोर राय, मप्र युवाध्यक्ष सुशील शिवहरे, सहित ह्रदेश राय, गरिजाशंकर राय, विश्वनाथ कलवार, मधुबाला कलवार, संजय शिवहरे, धनेंद्र धुवारे, ब्रजेश चंद जायसवाल, धर्मेन्द्र जायसवाल, सुधीर जायसवाल, श्रीमती सुनीता दुलारे, कलचुरी वार्ता समाचार पत्र प्रधान संपादक राजेश राय उज्जैन, कलचुरी समाज के अनेक कविगण, सहित अनेक राज्यों के प्रतिनिधि मौजूद थे। टीएन जायसवाल प्रयागराज में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन की समस्त तैयारी कर ली गई है। भव्य बारात निकाली जाएगी जिसका जगह जगह समाजजन स्वागत करेंगे। आयोजक टीएन जायसवाल है।